<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>ओडिशा के राज्यपाल द्वारा इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को सी.एस.आर. लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया</u>



भुवनेश्वर, 18 अगस्त, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. बिजय कुमार महान्ती को आज ब्रिजभारत 2026 के अवसर पर **सी.एस.आर. लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड** से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ओडिशा कॉर्पोरेट फाउंडेशन द्वारा ओडिशा सरकार के सार्वजनिक उपक्रम विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था।

भुवनेश्वर में आयोजित समारोह में ओडिशा के माननीय राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कम्भामपति ने डॉ. महान्ती को यह सम्मान प्रदान किया।

यह सम्मान डॉ. महान्ती के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) तथा समावेशी विकास के क्षेत्र में 27 वर्ष से अधिक के योगदान को सम्मानित करता है। इसमें विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित वंचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक आवश्यक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डी.डी.यू.जी.जे.वाई) और सौभाग्य (SAUBHAGYA) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका शामिल है। उनकी प्राथमिकताओं में शिक्षा एवं कौशल विकास,

स्वास्थ्य सेवाएं एवं पुनर्वास, सुरक्षित पेयजल उपलब्धता, सुगम्यता तथा कमजोर एवं वंचित समुदायों के कल्याण हेतु सहयोग शामिल रहा है।

सम्मान हेतु आभार व्यक्त करते हुए डॉ. महान्ती ने कहा, *"मैं इस सम्मान के लिए माननीय राज्यपाल महोदय का हृदय से आभारी हूँ। यह सम्मान मेरे इस विश्वास को और दृढ़ करता है कि स्वच्छ ऊर्जा और समावेशी विकास को साथ-साथ आगे बढ़ना चाहिए। मैं यह सम्मान इसी साझा दृष्टिकोण को समर्पित करता हूँ।"*

डॉ. महान्ती ने इस अवसर पर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) के सचिव तथा निदेशक मंडल के प्रति उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।